कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं – 0788–2350125, फैक्स नं – 0788–4040118
ई–मेल : nigam_bhilai@yahoo.co.in

क्र./एफ–166/स्टे.आयु./2025/3559 भिलाई, दिनांक 27/01/25

// आदेश //

नगर पालिक निगम, भिलाई के विभिन्न विभाग/जोन में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी, जिनके द्वारा जोन कार्यालय/मुख्य कार्यालय में विभिन्न कार्यों का संपादन एवं दायित्व का निवर्हन किये जा रहे है। अधिकारी/कर्मचारी का दायित्व बदलते रहते है, निगम के आंतरिक विभागों में दूसरे विभाग/टेबल पर कार्यप्रभार ग्रहण करने का कार्यालयीन प्रकिया होता है। प्रभार टेबल बदलने के साथ आवश्यक नस्तियों की हस्ताक्षरित सूची सौंपने की जिम्मेदारी होता है। माननीय न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों से संबंधित नस्तियों की समीक्षा से यह स्पष्ट हुआ है कि जिन लिपिकीय कर्मचारियों के प्रभार में नस्ती होता है उनके स्थानांतरण या कार्यप्रभार टेबल बदलने पर कार्यप्रभार ग्रहणकर्ता एवं कार्य हस्ताक्षरणकर्ता द्वारा नस्तियों की सूची सौंपी नहीं जा रही है जिससे नस्तियों की उपलब्धता सुगमता से नहीं हो रहा है।

अतएव् समस्त अधिकारी/कर्मचारी जिनके प्रभार में नस्तियॉ संचालित की जा रही हो और उस कर्मचारी का स्थानांतरण या कार्यप्रभार टेबल परिवर्तन होने की स्थिति में प्रभार ग्रहणकर्ता एवं प्रभार हस्तांतरणकर्ता अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नस्तियों का हस्तांतरण सूची/पंजी में दोनों का हस्ताक्षर होना चाहिये जिससे प्रभार अभिलेख यथा समय, समय पर उपलब्ध हो सके। प्रत्येक लिपिकीय कर्मचारी अपने–अपने प्रभार अंतर्गत नस्तियों का 15 दिवस के अंदर सूची बद्ध करना सुनिश्चित करें।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ–166/स्टे.आयु./2025/3560 भिलाई, दिनांक 27/01/25

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त, जोन–1,2,3,4 व 5, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 व 5/कम्प्यूटर/स्टोर/जलकार्य/परियोजना/स्वास्थ्य/PMAY/वाहन/विद्युत/भवन संधारण, नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. राजस्व अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम भिलाई को निगम के वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
9. सर्व विभाग प्रमुख, ... नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
10. अधीक्षक,(स्थापना) नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
11. सर्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ व पालनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई